एक सम्पूर्ण दैनिक अख़बार

अमृत विचार

विक्रम संवत 2083 | बरेली | शनिवार, 21 मार्च 2026, वर्ष 1

PAGE NO. IV: MIDDLE

25 पदक के साथ सीईटी बना आमोद चैंपियन

विजेताओं को सम्मानित करते चेयरमैन देव मूर्ति। • अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

• चेयरमैन देव मूर्ति ने विजेता टीमों को प्रदान की ट्राफी

अमृत विचार : दो दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव आमोद 2026 में एसआरएमएस सीईटी को चैंपियन बनने का गौरव हासिल हुआ। सीईटी ने 14 गोल्ड, 8 सिल्वर और 3 ब्रांज मैडल के साथ आमोद की ट्राफी अपने नाम की। सभी स्पर्धाओं के विजेताओं खिलाड़ियों को चेयरमैन देवमूर्ति व सचिव आदित्य मूर्ति ने पुरस्कृत किया।

एसआरएमएस कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के फुटबॉल ग्राउंड पर सीईटी, सीईटीआर, मेडिकल, पैरामेडिकल, नर्सिंग के विद्यार्थियों ने बालक और बालिका वर्ग में बैडमिंटन, फुटबाल, बास्केटबाल, शतरंज, खो-खो, टेबल टेनिस, वालीबॉल, कैरम, कबड्डी के साथ एथलेटिक्स की 17 स्पर्धाओं में हिस्सा लिया। शाम को पुरस्कार वितरण के साथ आमोद 2026 का समापन हुआ। 25 मेडल हासिल करने पर सीईटी को चैंपियन घोषित किया गया। आईएमएस ने 11 गोल्ड, 15 सिल्वर और 3 ब्रांज मेडल हासिल किए। लंबी कूद बालिका वर्ग का रिजल्ट घोषित नहीं किया गया। इंजीनियर सुभाष मेहरा, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ.शैलेश सक्सेना, डॉ.जसप्रीत कौर, डॉ.मुधु महेश्वरी, डॉ.एमएस बुटोला, डॉ.अनुज कुमार, डॉ. अमित कुमार शर्मा, डॉ. सौरभ गुप्ता, विवेक यादव, कोच नितिन सक्सेना, अनुज शर्मा, युसुफ अंसारी, शंकरपाल मौजूद रहे।